स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 3 Aug 2025

संक्षिप्त समाचार

## जिले में चल रहा संतृप्ति अभियान

बुरहानपुर। जिले में वित्तीय समावेशन और खाता अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 30 सितंबर तक संतृप्ति अभियान चलाया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक महावीर राय ने बताया कि अभियान के तहत नए बैंक खाते, रि-केवायसी प्रक्रिया, और सरकारी बीमा योजनाएं (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना) में अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है। अब तक जिले में 46 वित्तीय शिविर आयोजित हो चुके हैं। आरबीआई अधिकारी श्रीराम नागर ने एमागिर्द व जैनाबाद पंचायतों में शिविरों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को योजनाओं के लाभ समझाए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नजदीकी बैंक शाखा से संपर्क कर रि-केवायसी जल्द पूर्ण करें और बीमा/पेंशन योजनाओं का लाभ उठाएं।